पत्रांक - RU/INT-2/11/2022 दिनांक - 14-7-2022

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष,

प्रभारी प्लेसमेंट सेल,

प्रभारी जेम पोर्टल,

सचिव, अलुमिनी एसोसिएशन (RUA), एम.जे.पी.आर.यू.

प्रमुख, सेवा योजन एवं मंत्रणा केंद्र,

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय , बरेली

विषय – चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के अधीनस्थ विभागों/कार्यालयों में अप्रेंटिसशिप एवं इंटर्नशिप प्रोग्राम के सन्दर्भ में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त के विषय में अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक संख्या-04/46-1-22-2531/2017 दिनांक 09 जनवरी 2021 एवं शासनादेश संख्या 1065/46-1-22-2531/2017, दिनांक 04 जुलाई 2022 के सन्दर्भ में सादर सूच्य है कि शासन द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग में इंटर्नशिप किये हुए अभ्यर्थियों को पात्रता की अन्य शर्तों को पूर्ण करने की दशा में अन्य बातों के समान रहते हुए विभाग के अंतर्गत जेम पोर्टल के माध्यम से अन्यथा नियमानुसार संविदा के आधार पर काम पर रखे जाने का निर्णय लेते समय वरीयता दी जाएगी।

अतः आपसे आग्रह है कि संलग्न पत्र का अवलोकन कर अपने संकाय/विभाग के विद्यार्थियों को उक्त विषय की पूर्ण जानकारी विभिन्न माध्यमों यथा नोटिस बोर्ड, क्लास अनाउंसमेंट आदि के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिस से विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें।

(विमल कुमार)

संयोजक, प्रशिक्षु कार्यक्रम

संलग्न

अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा इस संबंध में निर्गत पत्र।

प्रतिलिपि

निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित

वैयक्तिक सहायक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ